पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली, सोमवार, 8 जनवरी 2024
वर्ष 5, अंक 52, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
PAGE NO : 05 BOTTOM

# मैं इस उम्मीद पे डूबा कि तू बचा लेगा..

- एसआरएमएस रिद्धिमा में हुआ एक शाम वसीम बरेलवी के नाम का आयोजन
- शायर वसीम बरेलवी की उपस्थिति में गायकों ने उन्हीं को नजर की उनकी गजलें

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को एक शाम प्रोफेसर वसीम बरेलवी के नाम से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने वसीम बरेलवी का स्वागत कर की।

अतिथि गायक डॉ.रीता शर्मा ने गजल शब ए मैखाना ये जो दिल पे गरा गुजरेगी को अपनी आवाज दी। प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने वसीम बरेलवी की गजल में इस उम्मीद पे डूबा कि तू बचा लेगा को अपने स्वर दिए। गायन विद्यार्थी डॉ. रजनी अग्रवाल ने गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे के साथ जरा सा कतरा कहीं आज अगर उभरता है...को अपने अंदाज में पेश किया। उन्हें श्रोताओं से खूब वाहवाही मिली। गायन के विद्यार्थियों में डॉ.अनुज, पंखुड़ी गुप्ता, शालिनी पांडेय और सताक्षी अग्रवाल ने भी गजल की प्रस्तुत दी। वादन गुरु उमेश मिश्रा, कुंवर पाल, सूर्यकांत चौधरी, टुकुमनी सेन, सोनू पांडेय, आशीष सिंह, अमरनाथ और सुमन विश्वास ने वाद्ययंत्रों के जरिये गायकों का साथ निभाया। आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. अशोक अग्रवाल, इंद्रदेव त्रिवेदी, अवनीश यादव, सुरेश ठाकुर, रंजीत वालिया, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुराग मोहन, डॉ. आलोक खरे आदि मौजूद रहे।

एसआरएमएस रिद्धिमा में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मौजूद प्रो. वसीम बरेलवी, देवमूर्ति, डॉ. अशोक अग्रवाल।